भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-58
सोमवार, 04 फरवरी, 2019/15 माघ, 1940 (शक)

बेरोजगारी संबंधी आंकड़े

58. श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रनः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश में बेरोजगारी का नवीनतम डेटा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय ने वर्ष 2017-18 के लिए सर्वेक्षण पूरा कर लिया है और सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने इसे प्रकाशित किया है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) एवं (ख): श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय रोजगार-बेरोजगारी संबंधी श्रम बल सर्वेक्षण आयोजित करता है। श्रम बल सर्वेक्षण के उपलब्ध परिणाम के अनुसार, 2015-16 में देश में सामान्य स्थिति आधार पर 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों हेतु अनुमानित बेरोजगारी दर 3.7% थी।

(ग) से (ङ): देश में रोजगार एवं बेरोजगारी की स्थिति का निर्धारण करने के लिए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 2017-18 के दौरान सावधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) की शुरूआत की है। इसकी रिपोर्ट अभी प्रतीक्षित है।

*****